दिनांक 18.11.2026 को मुख्य अभियंता(पटना), भवन निर्माण विभाग, पटना की अध्यक्षता में CONSTRUCTION OF BOUNDARY WALL (OUTER) OF SUB JAIL, DANAPUR, PATNA FOR THE YEAR 2026-27 के निर्माण कार्य के वित्तीय बीड पर विचार करने हेतु तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही:-

उपस्थिति:-

(i) श्री ब्रजेश कुमार, - अध्यक्ष
मुख्य अभियंता(पटना),
भवन निर्माण विभाग, पटना।

(ii) श्री मलय कुमार सिन्हा, - सदस्य
अधीक्षण अभियंता,
पटना भवन अंचल, पटना।

(iii) श्री सच्चिदानंद यादव, - सदस्य
कार्यपालक अभियंता,
पटना पश्चिम भवन प्रमंडल, दानापुर।

कार्यवाही:-

1.	योजना का नाम	-	CONSTRUCTION OF BOUNDARY WALL (OUTER) OF SUB JAIL, DANAPUR, PATNA FOR THE YEAR 2026-27
2.	योजना की प्रशासनिक स्वीकृति की राशि	-	₹87,18,200.00 (अपर सचिव-सह-निदेशक(प्र0), गृह विभाग(कारा), बिहार का पत्रांक 2093, दिनांक 20.03.2026)
3.	योजना की तकनीकी स्वीकृति की राशि	-	₹81,75,600.00 (मुख्य अभियंता(नि0) का पत्रांक 742(नि0)अनु0 दिनांक-01.09.2026)
4.	विषयांकित कार्य हेतु परिमाण विपत्र की राशि	-	₹80,92,636.00
5.	निविदा आमंत्रण कि तिथि	-	11.08.2026
6.	निविदा प्राप्त (डाउनलोड) करने की प्रारंभ तिथि	-	13.09.2026
7.	निविदा जमा (अपलोड) करने की अंतिम तिथि	-	05.10.2026
8.	कार्य समाप्ति की अवधि	-	6 माह
9.	प्री-बीड बैठक की तिथि समय एवं स्थान	-	दिनांक 23.09.2026 को अधीक्षण अभियंता, पटना भवन अंचल, पटना एवं दिनांक 25.09.2026 को मुख्य अभियंता (पटना) के कार्यालय कक्ष में।
10.	निविदा प्रसारण का माध्यम	-	ई-निविदा एवं दैनिक समाचार पत्र
11.	निविदा आमंत्रण सूचना प्रकाशन की तिथि एवं प्रकाशित समाचार पत्र का नाम	-	दैनिक समाचार पत्र में एवं www.eproc2.bihar.gov.in
12.	टेन्डर आई0डी0	-	139618
13.	निविदा में भाग लेनेवाले निविदाकार का नाम एवं पता	-	(i) RAJESH KUMAR, S/o Suresh Chandra Sharma, At-House No 11, Road No-10, East Patel Nagar, Patna-800023 (ii) KAMLESH SINGH, Add-28, Narayanpur, Maner, Patna-801108 (iii) BABITA KUMARI, Add-Vill-Larua, Samastipur, Bihar-848505 (iv) PRAYAS PROJECT, Add-Ward No-15, Sherghati, Gaya-824211 (v) RIDHI ENTERPRISES, (Prop-Urgesh Kumar) Add-Bahadurpur, Dakhinchak, Patna-803211 (vi) KAMAL DEV PRASAD, Add-Kagji Muhalla, Badi Macchuatoli, Danapur -801503 (vii) M/s S & G Construction, (Prop-Sourabh Kumar) Add-At+PO-Mor, PS-Mokama, Patna-803302 (viii) GOWAY ENERGY TECHNOLOGY PRIVATE LIMITED, Add-Sri Apex Tools Dinanath kr.Singh East R K Nagar, New Jaganpura, Patna-800027

14. <u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाहीः-</u>

विषयांकित कार्य की यह प्रथम निविदा है। उपरोक्त निविदा में आठ निविदाकारों द्वारा भाग लिया गया है। उक्त आठों निविदाकार के तकनीकी बीड के अभिलेखों को अधीक्षण अभियंता, पटना भवन अंचल, पटना के पत्रांक-1273 अनु0 दिनांक-08.10.2026 द्वारा मूल्यांकन हेतु भेजा गया है।

दिनांक 15.10.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में दिनांक 22.10.2026 के पूर्वाहन 10.00 बजे तक किसी भी प्रकार आपत्ति/परिवाद प्राप्त नहीं रहने उपरान्त मुख्य अभियंता(पटना) के पत्रांक 2808(प0) दिनांक 22.10.2026 के आलोक में अधीक्षण अभियंता, पटना भवन अंचल, पटना का पत्रांक 1322 अनु0 दिनांक 24.10.2026 द्वारा तकनीकी बीड में <u>**"रिस्पॉन्सिव"**</u> निविदाकारों का वित्तीय बीड खोलकर भेजा गया है, जो निम्नप्रकार से हैः-

क्र0 सं0	निविदाकार के नाम	मदों के नाम	परिमाण विपत्र की राशि	उद्धृत दर	उद्धृत राशि
1	RAJESH KUMAR, S/o Suresh Chandra Sharma, At-House No 11, Road No-10, East Patel Nagar, Patna-800023	अनुसूचित मद/गैर अनुसूचित मद	₹80,92,636.00	7.77% कम	₹74,63,838.18
2	KAMLESH SINGH, Add-28, Narayanpur, Maner, Patna-801108			18.79% कम	₹65,72,029.70
3	BABITA KUMARI, Add-Vill-Larua, Samastipur, Bihar-848505			25.37% कम	₹60,39,534.25
4	PRAYAS PROJECT, Add-Ward No-15, Sherghati, Gaya-824211			5.11% कम	₹76,79,102.30
5	RIDHI ENTERPRISES, (Prop-Urgesh Kumar) Add-Bahadurpur, Dakhinchak, Patna-803211			23.59% कम	₹61,83,583.17
6	KAMAL DEV PRASAD, Add-Kagji Muhalla, Badi Macchuatoli, Danapur - 801503			18.79% कम	₹65,72,029.70
7	M/s S & G Construction, (Prop-Sourabh Kumar) Add-At+PO-Mor, PS-Mokama, Patna-803302			32.00% कम	₹55,02,992.48
8	GOWAY ENERGY TECHNOLOGY PRIVATE LIMITED, Add-Sri Apex Tools Dinanath kr.Singh East R K Nagar, New Jaganpura, Patna-800027			24.53% कम	₹61,07,512.39

उपरोक्त सारणी से स्पष्ट है कि निविदाकार M/s S & G Construction, (Prop-Sourabh Kumar) Add-At+PO-Mor, PS-Mokama, Patna-803302 न्यूनतम सफल निविदाकार है। उक्त न्यूनतम सफल निविदाकार द्वारा परिमाण विपत्र की दर से 32.00%(बतीस दशमलव शून्य शून्य प्रतिशत)कम दर उद्धृत किया गया है।

विषयांकित कार्य के न्यूनतम सफल निविदाकार M/s S & G Construction, (Prop-Sourabh Kumar) Add-At+PO-Mor, PS-Mokama, Patna-803302 से परिमाण विपत्र से 32.00 प्रतिशत राशि उद्धृत किये जाने के सापेक्ष में मुख्य अभियंता(पटना) के पत्रांक 2839 दिनांक 26.10.2026 एवं स्मार पत्रांक 2890 दिनांक 30.10.2026 द्वारा कार्य के

दर के औचित्यता संबंधी गणना प्रतिवेदन एवं विस्तृत दर विश्लेषण की मांग की गयी। न्यूनतम निविदाकार द्वारा अपने ईमेल दिनांक 06.11.2026 द्वारा बिना किसी दर विश्लेषण गणना के मात्र निविदा की शर्तों को स्वीकार करने का अनुरोध किया गया। प्राप्त प्रतिवेदन को अपूर्ण एवं असंतोषजनक पाते हुए मुख्य अभियंता(पटना) के पत्रांक 2979 दिनांक 10.11.2026 द्वारा न्यूनतम निविदाकार को अंतिम अवसर प्रदान करते हुए विस्तृत दर विश्लेषण एवं औचित्यता संबंधी गणना प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का स्पष्ट निदेश दिया गया। निविदाकार द्वारा दिनांक 10.11.2026 को ईमेल के माध्यम से पुनः बिना दर विश्लेषण एवं औचित्यता संबंधी गणना प्रतिवेदन समर्पित किया गया।

15. <u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का निर्णयः-</u>

निविदाकार द्वारा परिमाण विपत्र से अप्रत्याशित रूप से कम दर (32% कम) उद्धृत किया गया है तथा उनके द्वारा (इतने) अत्यंत कम दर पर गुणवत्तपूर्वक कार्य किस प्रकार कराया जायेगा पर विस्तृत विश्लेषण, दर औचित्य एवं गणना उपलब्ध नहीं कराया गया है। अतएव तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से न्यूनतम सफल निविदाकार M/s S & G Construction, (Prop-Sourabh Kumar) Add-At+PO-Mor, PS-Mokama, Patna-803302 द्वारा उद्धृत दर पर विस्तृत विश्लेषण एवं औचित्यता संबंधी गणना प्रतिवेदन नहीं समर्पित किए जाने के कारण एवं परिमाण विपत्र से अवास्तविक रूप से कम उद्धृत किए जाने के कारण उनके वित्तीय बीड को अमान्य घोषित किए जाने का निर्णय लिया गया एवं पुनर्निविदा आमंत्रित किये जाने का निर्णय लिया गया।

इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड की जाय।

अंत में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

18/11/2026
(सच्चिदानंद यादव)
कार्यपालक अभियंता,
पटना पश्चिम भवन प्रमंडल, दानापुर

18/11/26
(मलय कुमार सिन्हा)
अधीक्षण अभियंता,
पटना भवन अंचल, पटना

18/11/2026
(ब्रजेश कुमार)
मुख्य अभियंता(पटना),
भवन निर्माण विभाग, पटना।

ज्ञापांक-भवन/मु0अभि0(प0)यो0प्राक0-01-03/2021-3015(P) पटना, दिनांक- 18/11/26

प्रतिलिपि-आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

18/11/2026
(ब्रजेश कुमार)
मुख्य अभियंता(पटना),
भवन निर्माण विभाग, पटना